# परिचर्चा में उद्योगों को एआइ अपनाने का रोडमैप दिया



कोलकाता. परिचर्चा में शामिल विशेषज्ञ।

**कोलकाता @ पत्रिका.** कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पार्क होटल में 'एआइ फॉर बिजनेस: फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन' विषय पर एक पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख दिग्गजों, वित्तीय विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और इस बात पर मंथन किया कि व्यवसाय किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके अपनी कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं, डिजिटल सुरक्षा मजबूत कर सकते हैं और विकास को गति दे सकते हैं। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनंत सहरिया ने कहा, 'एआइ अब भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि वर्तमान की व्यावसायिक आवश्यकता बन चुकी है। आज सवाल यह नहीं है कि व्यापार को एआइ अपनाना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे सही, जिम्मेदार और स्थायी मूल्य बनाने वाले तरीके से कैसे लागू किया जाए। श्रीश अग्रवाल ने कहा कि एआइ ऑटोमेशन और जनरेटिव एआइ के माध्यम से व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ा सकता है और लागत में कटौती कर सकता है। जय प्रसाद ने बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी रोकने, जोखिम के मूल्यांकन और सुरक्षा तंत्र में एआइ के महत्व पर प्रकाश डाला। आदित्य विक्रम झुनझुनवाला ने एआइ को लागू करने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और डेटा तैयारी के साथ-साथ कर्मचारियों के कौशल विकास पर जोर दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि चैंबर उद्योगों को डिजिटल युग में आगे बढ़ाने के लिए लगातार मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।